बिहार जागे... देश आगे

प्रभात खबर

मुजफ्फरपुर, बुधवार
8.02.2017
माघ शुक्ल पक्ष 12 संवत 2073
पृष्ठ 16
मोतिहारी संस्करण
मूल्य : ₹ 3

मुजफ्फरपुर। पटना। भागलपुर। गया। रांची। जमशेदपुर। धनबाद। देवघर। कोलकाता। सिलीगुड़ी से प्रकाशित

तस्करी पर जीरो टॉलरेंस की नीति से काम

- अप्रैल तक परिचालन में आ सकती है एकीकृत जांच चौकी
- सीमा से तस्करी पर लगाम लगाने के लिए हो रहा काम

प्रतिनिधि ▸ रक्सौल

प्रेस वार्ता को संबोधित करते मुख्य आयुक्त शिव नारायण सिंह.

जहां काम करने की नियमावली नहीं होती है वहां पर भ्रष्टाचार की संभावना अधिक होती है. इसलिए मैंने आते ही नियमावली तय और एक बुकलेट के रूप में सभी को दे दिया है. काम और आचरण में अंतर नहीं होना चाहिए. उक्त बातें भारतीय कस्टम के मुख्य आयुक्त सीमा शुल्क पटना प्रक्षेत्र शिव नारायण सिंह ने मंगलवार की देर शाम सीमा शुल्क सदन कार्यालय रक्सौल में प्रेस वार्ता का संबोधित करते हुए कहीं.

प्रेस वार्ता से पूर्व श्री सिंह अधिकारियो के साथ भारत-नेपाल सीमा पर बने एकिकृत जांच चौकी पर गये और वहां पर कार्य की समीक्षा की.

इस दौरान भारत-नेपाल सीमा पर व्यापार को बढ़ावा देने के लिए सभी स्टॉक होल्डर के बैठक की. बैठक में व्यापार में बढ़तोरी, तस्करी पर लगाम, आइसीपी के संचालन सहित अन्य बिन्दुओ पर चर्चा की गयी.

बैठक के दौरान उन्होंने सभी से सामुहिक रूप से एक साथ समन्वय बनाकर काम करने का निर्देश दिया. सभा में उठाए गए समस्याओ में से कुछ का त्वरित निष्पादन भी किया गया और कुछ मामलो के निष्पादन करने का निर्देश उपायुक्त सीमा शुल्क रक्सौल को दिया गया. बैठक में नेपाल कस्टम, सीएचए संघ नेपाल, रक्सौल, एलपीआइ, कॉनकोर, एसएसबी के डॉबर नेपाल, वीरगंज उद्योग वाणिज्य संघ के प्रतिनिधियो भाग लिया. बैठक के बाद आयोजित प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए उन्होने कहा कि आइसीपी भले ही चालू हो जाये लेकिन लोगों का माइंड सेट भी बदलना जरूरी है. बैठक में यह बात सामने आयी है कि लोग वहां जाना नहीं चाह रहे है.

इसको समय रहते दूर किया जायेगा और एलपीआइ और अन्य एंजेसियों ने भरोसा दिलाया है कि अप्रैल माह से आइसीपी का पूर्णतः संचालन शुरू कर दिया जायेगा. उन्होने बताया कि इंडो-नेपाल बॉर्डर पर डेढ गुणा जब्ती बढ़ी है. जिससे यह साफ है कि भारतीय कस्टम की टीम तस्करी को लेकर जिरो टॉरलेंस की नीति से काम कर रही है. उन्होने बताया कि बॉर्डर पर रेवन्यू बढ़ा है, नोटबंदी का कोई असर नहीं पड़ा है. मौके पर कस्टम सहायक आयुक्त संतोष कुमार के साथ-साथ कई अधिकारी मौजूद थे.